राजस्थान -- सरकार

कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, चित्तौड़गढ़

क्रमांकः--म.अ.चि./विज्ञप्ति/साथिन/2023--24/ 216 दिनांकः-- 2/5/2023

::--विज्ञप्ति संख्या 01/2023--24 ::--

जिले की निम्न ग्राम पंचायतों पूर्व में रिक्त चल रहे साथिनों के रिक्त पदों के अनुसार साथिन के स्वैच्छिक मानदेय सेवा हेतु कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता चित्तौडगढ़ कार्यालय में आवदेन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क.स.	कार्यालय का नाम, पता, ई--मेल	परियोजना का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	रिक्त मानदेय पद का नाम
1	कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, चित्तौडगढ़ ई--मेल आईडीः-- chittorgarh.we@rajasthan.gov.in	भोपालसागर	ताणा, आकोला	ग्राम साथिन
2		गंगरार	जोजरो का खेड़ा	
		राशमी	बवलास, अडाना, सांखली	
3		भैंसरोड़गढ़	कुशलगढ़, बस्सी, रैनखेड़ा	
4		निम्बाहेडा	मीण्डाना, जावदा, कनेरा	
5		बड़ीसादड़ी	जरखाना, विनायका, बोरखेड़ा, पायरी	

1. आवेदक को स्थानीय ग्राम पंचायत की मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदनकर्ता महिला के घर में शौचलय होना एवं उसका नियमित उपयोग किये जाने संबंधी घोषणा आवेदन पत्र में किया जाना अनिवार्य है।
2. साथिन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवी उत्तीर्ण होना हैं। आवेदक का विवाहित होना अनिवार्य नहीं है।
3. आवेदक अपने फार्म के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण--पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/आयु प्रमाण पत्र/विवाह प्रमाण पत्र/विधवा प्रमाण पत्र/तलाकशुदा प्रमाण पत्र/अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र/आर.एस.सी.आई.टी. प्रमाण पत्र/कार्यानुभव प्रमाण पत्र/बी.पी.एल. प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्व--प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करें।
4. उक्त मानदेयकर्मी साथिन पद पूर्णतः स्वैच्छिक है एवं विभागीय परिपत्र 38229 दिनांक 14.10.2022 की शर्तो व विभागीय निर्देशों के अध्याधीन है। चयन परिपत्र के परिशिष्ठ "ब" पर दिये गए मूल्यांकन प्रपत्र में वर्णित मापदण्ड अनुसार होगा।
5. विज्ञप्ति जारी होने की तिथि **(02.05.2023)** तक आवेदक की आयु 21--40 वर्ष होगी। लेकिन अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यार्थी तथा विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता के लिए 21--45 वर्ष होगी। जिन ग्राम पंचायत के कवरेज क्षेत्रों में जनसंख्या का 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति/जनजाति /अल्पसंख्यक है, तो उन ग्राम पंचायत में साथिन के चयन हेतु उसी वर्ग की महिला का चयन अनिवार्यतः किया जायेगा।
6. आवेदन फार्म एवं विस्तृत दिशा निर्देश कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग चित्तौडगढ़ अथवा विभागीय वेबसाईट **https://wcd.rajasthan.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते है।
7. योग्य अभ्यर्थी दो प्रतियो में अपना पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र के साथ सम्पूर्ण दस्तावेजो की स्व प्रमाणित दो प्रतियां कार्यालय चित्तौडगढ़ में व्यक्तिशः दिनांक **02.06.2023** सायं **6.00** बजे तक भिजवाने के साथ ही आवेदन पत्र के साथ समस्त दस्तावेजो की दो प्रतियां अनिवार्य रूप से कार्यालय में जमा करानी होगी। इसके अतिरिक्त आवेदक वर्तमान में आयोजित **महंगाई राहत शिविर** में भी समस्त दस्तावेजो सहित आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना अधिकारी/पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता को जमा करवा सकते है।
8. यह स्पष्ट किया जाता है कि एक बार आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात उसमें संशोधन तथा अनुलंग्नक किये जाने कि अनुमति नहीं होगी इस संबंध में विस्तृत चयन दिशा निर्देश एवं नवीनतम जानकारी सहायक निदेशक कार्यालय चित्तौडगढ़/संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकेंगीं।

(राकेश कुमार तंवर)
सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग
चित्तौडगढ़

क्रमांकः--म.अ.चि./विज्ञप्ति/साथिन/2023--24/ 217 - 227 दिनांकः-- 2/5/2023

प्रतिलिपि :--निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है --

1. श्रीमान आयुक्त महोदय निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर।
2. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय चित्तौडगढ़।
3. श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय, जिला परिषद चित्तौडगढ़।
4. श्रीमान उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग चित्तौडगढ़।
5. विकास अधिकारी समस्त......................................जिला चित्तौडगढ़।
6. संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी चित्तौडगढ़।
7. संबंधित सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी सम्बन्धित ग्राम पंचायत जिला चित्तौडगढ़।
8. प्रोग्रामर निदेशालय महिला अधिकारिता राजस्थान जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग जिला चित्तौडगढ़।
10. सुपरवाईजर महिला अधिकारिता/संविदा प्रचेता समस्त, जिला चित्तौडगढ़।
11. नोटिस बोर्ड/रक्षित पत्रावली।

सहायक निदेशक
महिला अधिकारिता विभाग
चित्तौडगढ़